# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुरैना म0प्र0

## //निविदा//

क्रमांक 4584/लेखा/2017 मुरैना, दिनांक 7/10/17

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर के ज्ञापन क्रमांक बी/6137/चार-4-8/2016 जबलपुर, दिनांक 21.12.2016 के पालन में न्यायिक सेवा के न्यायिक अधिकारियों के न्यायालय कक्ष/विश्राम कक्ष में 1.5 टन तथा 02 टन के 5 स्टार स्पलिट् ए0सी0 1.5 तथा 02 टन मय स्टेबलाइजर स्टेण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टॉलेशन चार्ज सहित वातानुकूल संयंत्र स्थापित किये जाने हेतु क्रय किया जाना है जिनका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | स्थापना का नाम | 1.5 टन की ए.सी. की संख्या | 02 टन की ए.सी. की संख्या | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | जिला न्यायालय मुरैना | 08 | 20 | 28 |
| 02 | तहसील अम्बाह | 02 | 06 | 08 |
| 03. | तहसील जौरा | 02 | 07 | 09 |
| 04. | तहसील सबलगढ़ | 02 | 06 | 08 |
| **कुल योग** | | **14** | **39** | **53** |

उपरोक्त सामग्री हेतु विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांड/फर्म/संस्थानों से म0प्र0 भंडार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 की कंडिका 11.2 के आलोक में विज्ञप्ति दिनांक 07.10.2017 से 31.10.2017 तक को अपरान्ह 02:00 बजे तक निर्धारित शर्तों के अधीन टू-बिड प्रणाली के तहत सील बंद लिफाफे में (तकनीक बिड एवं वित्तीय बिड) निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

निर्धारित शर्ते एवं निविदा फार्म का प्रारूप माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर के बेबसाइट www. mphc. gov. in डाउनलोड कर सकते है। निविदा क्रय समिति की समक्ष दिनांक 31.10.2017 तक प्राप्त समस्त निविदायें अपरान्ह 04 बजे जिला न्यायालय मुरैना में खोली जावेगी।

## //निविदा की शर्तें//

01. फर्म वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीयन होने का जीवित प्रमाण-पत्र की प्रमाणित छायाप्रति तथा आयकर रिटर्न की प्रमाणित छायाप्रति निविदा के साथ प्रस्तुत की जायेगी।
02. निविदा दिनांक 31.10.2017 को अपरान्ह 4:00 बजे खोली जावेगी, निविदाकर्ता या उसका अधिकृत प्रतिनिधि उक्त दिनांक एवं समय को उपस्थित होना चाहे तो उपस्थित रह सकता है।
03. निविदा में सभी प्रकार के करों व क्रय मूल्य का खुलासा तथा सकल योग स्पष्ट रूप से किया जायेगा।
04. निविदा का प्रारूप एवं निविदा की शर्ते जिला नाजिर नजारत अनुभाग जिला न्यायालय मुरैना से भी कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।
05. क्रय की गई सामग्री का परिदान कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरैना में किया जायेगा।
06. क्रय की गई साम्रगी को जिला न्यायालय मुरैना एवं तहसील न्यायालय जौरा, अम्बाह एवं सबलगढ़ में पूर्ण रूप से संस्थापित किया जाना होगा।
07. एक से अधिक फर्म/विक्रता के द्वारा प्रस्तुत की गई दरें समान होने की स्थिति में निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/विक्रता की शाखा/कार्य गुणवत्ता वांरटी आदि को ध्यान में रखकर सर्वोत्तम खाख/कार्य गुणवत्ता वाली फर्म की निविदा स्वीकार की जावेगी।
08. निविदा की शर्ते अथवा क्रय की गई सामग्री सप्लाई करने आदि में न्यायाधीश महोदय का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

09. वातानुकूलित संयंत्र इंस्टालेशन उपरांत ही बिल ग्राहय किया जायेगा।
10. क्रय/सप्लाई/कार्य आदेश किसी भी समय जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरैना के द्वारा बिना कोई कारण बताये निरस्त किया जा सकता है, तथा इसके लिए किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति देय नहीं होगीं।
11. वातानुकूलित संयंत्र क्रय किये जाने की संख्या आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकती है।
12. निविदा प्रस्तुतकर्ता द्वारा निविदा के साथ वातानुकूलित संयंत्र मय स्टेब्लाईजर स्टेंड व इंस्टॉलेशन चार्ज की आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का अनुमानित मूल्य अनुसार 20,000/– (बीस हजार रूपये) का डिमाण्ड ड्राफ्ट प्रतिभूति सहित जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरैना के नाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा जो निविदा की अंतिम वैधता की तिथि के बाद 45 दिन की अवधि के लिये वैध होना आवश्यक होगा। डिमांड ड्राफ्ट के अभाव में निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।
13. असफल निविदाकर्ता की प्रतिभूति को यथाशीघ्र लौटाया जावेगा।
14. संविदा का उचित निष्पादन करने के लिये सफल निविदाकर्ता से आवश्यकतानुसार निष्पादन प्रतिभूति प्राप्त की जावेगी। निष्पादन प्रतिभूति की राशि सामान्य संविदा के मूल्य के 10 प्रतिशत होगी। निष्पादन प्रतिभूति किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरैना के नाम का डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा की जा सकेगी।
15. निविदाकर्ता के द्वारा प्रतिभूति के रूप में जमा किये गये डिमाण्ड ड्राफ्ट की राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
16. निष्पादन प्रतिभूति वारण्टी वाध्यताओं सहित आपूर्तिकर्ता की सभी संविदाकृत बाध्यताओं को पूरा करने की तारीख के बाद 60 दिन की अवधि के लिए वैध होना आवश्यक होगा।
17. क्रय आदेश जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर सामग्री की प्रदायगी व इन्स्टॉलेशन सुनिश्चित करना होगा अन्यथा क्रय की जाने वाली सामग्री का क्रय आदेश निरस्त किया जा सकता है। संपूर्ण जबाबदारी विक्रेता की होगी।
18. क्रय की जाने वाली सामग्री प्रदायगी उपरान्त विभागीय क्रय समिति द्वारा निविदा अनुरूप गुणवत्त एवं निर्धारित मानक अनुसार पाये जाने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर देयक भुगतान की कार्यवाही की जावगी, अन्यथा क्रय की गई सामग्री अमानक पाये जाने पर मूलतः विक्रेता के व्यय पर वापिस की जायेगी। जिसका व्यय विक्रेता द्वारा स्वयं किया जावेगा।
19. निविदा आमंत्रण की शर्तों में विसंगति पाये जाने अथवा किसी भी विवादित स्थिति का निराकरण म0प्र0 भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार किया जावेगा।
20. निविदा खोलने की दिनांक को अवकाश घोषित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित पर खोली जावेगी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
मुरैना (म0प्र0)

# निविदा प्रारूप

प्रति,

जिला एवं सत्र न्यायालय
जिला मुरैना म.प्र.

विषय– जिला स्थापना मुरैना के द्वारा एयर कण्डिशनर क्रय करने हेतु निविदा प्रस्तुत करने बाबत्।

संदर्भ– निविदा प्रकाशन दिनांक ......................

--------0000------

मैं ...................................................... पिता................................................ आयु .......... वर्ष .............. निवासी ........................................................................................फर्म ........................................................

जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरैना के निर्देशानुसार निविदा में दर्शित अनुसार वातानुकूलित (ए.सी.) मय स्टेपलाइजर स्टैंण्ड व इंस्टॉलेशन चार्ज सहित/सामान आपूर्ति/विक्रय करने हेतु निम्न प्रस्तुत करता हूँ:–

| | | |
|---|---|---|
| 01. | विक्रेता फर्म का पूरा नाम | |
| 02. | डॉक का पूरा पता | |
| 03. | इन्कम टैक्स पैन नम्बर | |
| 04. | टिन नंबर | |
| 05. | दूरभाष एवं मोबाइल नंबर | |
| 06. | फैक्स नंबर | |
| 07. | ई–मेल आई.डी | |

| क. | उपकरण/सामान का विवरण | क्षमता/गुणवत्त | निर्माता कंपनी का नाम | अधिकतम खुदरा मूल्य प्रति नग | निविदा के अंतर्गत प्रस्तावित दर प्रति नग | जी. एस. टी. टैक्स प्रति नग | कुल राशि प्रति नग (6+7) | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

मैंने निविदा की समस्त शर्त पढकर समझ ली है और इन्हें मैं स्वीकार करता हूं। मैं निविदा की शर्तो के अतर्गत प्रदाय की जाने वाली सामग्री वातानुकूलित संयत्र मय स्टेब्लाईजर, स्टैण्ड व ईस्टॉलेशन चार्ज के संबंध में दो प्रतिशत प्रतिभूति **(Earnestmoney Deposit)** का डिमाण्ड ड्राफ्ट क्रमांक ...............दिनांक ..................................... राशि रूपये .......................... जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरैना के नाम का संलग्न कर रहा हूँ।

स्थान : ....................................

दिनांक : ....................................

निविदा प्रस्तुतकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील

पूरा नाम ...............................................

पता ........................................................

## //तकनीकी बिड//

| कमांक | सामग्री | संख्या | तकनीकी विवरण |
|---|---|---|---|
| 01. | स्पिलट् वातानुकूलित संयत्र (ए.सी.) 1.5 टन क्षमता का मय स्टेबलाइजर स्टैण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टॉलेशन चार्ज सहित | 14 | |
| 02. | स्पिलट् वातानुकूलित संयत्र (ए.सी.) 02 टन क्षमता का मय स्टेबलाइजर स्टैण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टॉलेशन चार्ज सहित | 39 | |

## //वित्तीय बिड//

निविदाकर्ता संस्था का नाम :– ........................................................................

ए0सी0 की कम्पनी एवं मॉडल :– ........................................................................

| कमांक | साम्रगी | संख्या | प्रतिनग दर | टैक्स विवरण | कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रिपलट् वातानुकूलित संयत्र (ए. सी.) 1.5 टन क्षमता का मय स्टेबलाइजर स्टैण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टॉलेशन चार्ज सहित | 14 | | | |
| 02 | स्पिलट् वातानुकूलित संयत्र (ए. सी.) 02 टन क्षमता का मय स्टेबलाइजर स्टैण्ड एवं अन्य आवश्यक इक्यूपमेंट मय इंस्टॉलेशन चार्ज सहित | 39 | | | |
| महायोग | | 53 | | | |

बिड का कुल मूल्य अंको में ........................................................................रूपये।

बिड का कुल मूल्य शब्दों में ........................................................................रूपये।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील ........................................................................

निविदाकर्ता का नाम एवं संपूर्ण पता ........................................................................